

हवामहल

(कोरोना समय में बच्चों का झरोखा)

राजस्थान सरकार

RSCERT Udaipur

08 जनवरी 2022: शनिवार: वर्ष – 02: अंक – 36

आज की कविता

चूहों म्याऊँ सो रही है

“बच्चों के साथ हाव-भाव से कविता कराना (एक एनर्जाइजर) उनके साथ जुड़ाव और संवाद स्थापित करने की एक महत्वपूर्ण गतिविधि है। प्रस्तुत कविता ‘चूहों म्याऊँ सो रही है’ बच्चों के साथ हाव-भाव के साथ करायी जा सकती है। इस कविता का वीडियो देखने के लिए चित्र पर क्लिक करें।“

3 + वर्ष के बच्चों के लिए | पराग

आज की कहानी

सब उस बिल्ली की गलती है

"इस कहानी का लड़का कहता है कि वह अपना होम वर्क एक शरारती बिल्ली के कारण पूरा नहीं कर पाया। काफी बेकार सा बहाना मालूम देता है न? उसके साथ क्या हुआ उसे सुनेंगे तो आप पाएँगे कि एक के बाद एक कैसी अजीबोगरीब चीज़ें होती ही चली गयीं, होती ही चली गयीं ! कहानी सुनने के लिए किताब के चित्र पर क्लिक करें। ”

6 + वर्ष के बच्चों के लिए | स्टोरीवीवर

आज की किताब

चार चींटियाँ

“चार चींटियां जो एक हाथी को पहाड़ मानकर मुश्किलों का सामना करती, उस पर चढ़ जाती हैं, और सब से छोटी तो चोटी पर जा पहुँचती हैं। ख़ास बात यह है कि वह एक सकारात्मक बात, बहुत ही कम और सीधे सादे शब्दों में, बच्चों के सामने रख जाती है। किताब की दुनिया से बच्चों की दोस्ती कराने वाली किताब। इस किताब को पढने के लिए किताब के चित्र पर क्लिक करें।“

6 + वर्ष के बच्चों के लिए | एकलव्य



आज की गतिविधि

सफ़ेद हंस

“इस सफेद हंस को बनाने के लिए आपको सैकड़ों छोटे वर्ग चाहिए। एक आयत को आधा काट लें और दो वर्ग बना लें। हंस बनाने के लिए एक मॉड्यूलर इकाई को मोड़ने के लिए एक वर्ग की आवश्यकता होती है। आपको ऐसे 500 मॉड्यूल की आवश्यकता होगी। यह एक बहुत ही सार्थक गतिविधि है।।इस गतिविधि के वीडियो को देखने के लिए चित्र पर क्लिक करें।“

3 + वर्ष के बच्चों के लिए | अरविंद गुप्ता टोयज़

टीचर्स कॉर्नर

कोविड-19: विभिन्न देशों के स्कूल सम्बंधी अनभव

“पिछला एक वर्ष हम सभी के लिए चुनौती भरा दौर रहा है। एक ओर तो महामारी का दंश तथा दूसरी ओर लॉकडाउन के कारण मानसिक तनाव। साथ ही समस्त शिक्षण का ऑनलाइन हो जाना। इस एक वर्ष में प्रारंभिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा एवं शोध कार्य प्रभावित हुए हैं। पहली बार स्कूल जाने वाले बच्चों को तो यह भी नहीं मालूम कि स्कूल कैसा दिखता है।आलेख पढ़ें। “

शिक्षकों के लिए | संदर्भ पत्रिका

#घरमेंरहें

#आनन्दसेपढ़ें

मोटा पहलवान पहुंचा दुकान

कहानी पढ़ने के लिए बॉक्स पर क्लिक करें। (6+ वर्ष के बच्चों के लिए | PFEL)

आज का अंक आपको कैसा लगा ? अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।